वर्ष- 02 अंक- 241
छपरा
19 जुलाई शनिवार 2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## भारत में रूसी महिला बच्चे के साथ लापता

### सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को लुकआउट नोटिस जारी करने का आदेश



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बच्चे की कस्टडी से जुड़े एक अनोखे केस में एक रूसी महिला के लिए लुकआउट नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। महिला 7 मई से बच्चे को लेकर गायब है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार से दोनों को ढूंढने का आदेश दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि रूसी महिला विक्टोरिया देश छोड़कर नहीं जानी चाहिए। कोर्ट ने मां और बच्चे को ढूंढकर, बच्चे को उसके भारतीय पिता सैकत बसु को सौंपने का आदेश दिया। कोर्ट को बताया गया कि रूसी महिला और बच्चा जंगल में गायब हो गए हैं।

सैकत और उनके परिवार को शक है कि विक्टोरिया भारत की जासूसी करके रूस लौटना चाह रही थी। वह 2019 से भारत में रह रही है। वह एक्स-1 वीजा पर भारत आई थी।

## महाराष्ट्र विधानसभा मारपीट मामले में FIR, 2 गिरफ्तार



**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा में गुरुवार को BJP और NCP (शरद पवार) विधायकों के समर्थकों के बीच हुई मारपीट मामले स्न्ढ्क्र दर्ज हुई है। मुंबई पुलिस ने अब तक 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। मारपीट के विरोध में (NCP) शरद गुट के समर्थकों ने गुरुवार रात मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन के बाहर प्रदर्शन किया। NCP (SP) विधायक रोहित पवार ने शुक्रवार को कहा- चार लोगों ने कल महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर नेता जितेंद्र आव्हाड पर हमला करने का प्लान बनाया था। हमें व्हाट्सएप और नए आका के कार्यकर्ताओं से धमकी मिली थी। नया आका दूर से इशारा देता है, और ये चार गुंडे वहां गुंडागर्दी करते हैं। दरअसल, गुरुवार को महाराष्ट्र विधानसभा की लॉबी में भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर और NCP (SP) विधायक जितेंद्र आव्हाड के समर्थकों के बीच झड़प हुई थी।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा का पहला दल ने 19,500 फीट पर किए दर्शन

**देहरादून,एजेंसी।** 19,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित कैलाश पर्वत के मानसरोवर यात्रा के पहले दल ने आज भगवान शिव के दर्शन किए। कैलाश की पहली झलक से श्रद्धालुओं की आंखों से अश्रु बह निकले और वे हर-हर महादेव के उद्घोष करने लगे। इस दल में देश के 11 राज्यों से आए कुल 49 श्रद्धालु शामिल हैं। यात्रा की शुरुआत दिल्ली से हुई, जो पिथौरागढ़, गूंजी और लिपुलेख होते हुए चीन के तकलाकोट तक पहुंची। दर्शन के बाद यात्री आज भारत लौट आएंगे और अपनी यात्रा के फोटो भी साझा किए।

# बिहार में बिजली गिरने से 24 घंटे में 17 मौतें

## वाराणसी में गंगा का पानी हर घंटे 1 सेमी बढ़ रहा



### हिमाचल में 1200 करोड़ का नुकसान





**नई दिल्ली,एजेंसी।** बिहार में पिछले 24 घंटों में बिजली गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 5 मौतें नालंदा में हुईं। वैशाली में 4, बांका और पटना 2-2 लोगों की जान चली गई।

वाराणसी में गंगा उफान पर हैं। नदी का जलस्तर हर घंटे 1 सेमी बढ़ रहा है। इसके अलावा वरुणा नदी भी उफान पर है। करीब 30 हजार घरों ने बाढ़ का पानी आने से पहले ही पलायन की तैयारी शुरू दी है।

वहीं, हिमाचल प्रदेश में बारिश से जुड़ी दुर्घटनाओं में अब तक 110 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा 1200 करोड़ रुपए की सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है।

एक दिन के ब्रेक के बाद अमरनाथ यात्रा शुक्रवार फिर से शुरू कर दी गई है। पिछले कुछ दिनों से जम्मू-कश्मीर में हुई भारी बारिश और 16 जुलाई को बालटाल रूट पर लैंडस्लाइड के बाद यात्रा रोक दी गई थी।

मौसम विभाग ने राजस्थान, दक्षिण कर्नाटक, केरल में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, पश्चिमी मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कर्नाटक के तटीय हिस्सों में ऑरेंज अलर्ट है।

उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में भारी बारिश के चलते शुक्रवार को पहली से 8वीं तक के स्कूल बंद रहेंगे।

गुरुवार को हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश हुई। सिरमौर के लोहरा इलाके में भूस्खलन के कारण ह॥-707 ब्लॉक हो गया। मौसम विभाग ने 9 जिलों के कुछ हिस्सों में अचानक बाढ़ के खतरे की चेतावनी दी है।

राज्य भारी बारिश से जूझ रहा है, जिसके कारण कई जगह भूस्खलन हुआ है और अचानक बाढ़ आई है। 20 जून से अब तक राज्य को 1,220 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। ह॥ समेत 170 सड़कें अभी भी बंद हैं।

सूत्रों ने बताया कि राजमार्ग 30 घंटे से ज्यादा समय से बंद है और इसे अभी तक वाहनों के आवागमन के लिए बहाल नहीं किया जा सका है, क्योंकि पहाड़ से गिरता मलबा सड़क साफ करने के काम में दिक्कत दे रहा है।

इस मानसून में हिमाचल प्रदेश में अब तक 31 बार अचानक बाढ़ आ चुकी है। 22 जगह बादल फटने की घटनाएं हुईं। जबकि 19 जगह भूस्खलन हुए हैं।

## अमेरिका ने पाकिस्तान समर्थित टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित किया

- **कहा– इसने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी, यह फैसला न्याय के लिए ट्रम्प का आह्वान**




**वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी।** अमेरिका ने पाकिस्तान समर्थित द रेजिस्टेंस फ्रंट (TRF) को विदेशी आतंकवादी संगठन (FTO) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (SDGT) की लिस्ट में डाल दिया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शुक्रवार को बयान जारी कर इसकी जानकारी दी।

मार्को रुबियो ने बयान में लिखा, लश्कर-ए-तैयबा (LeT) का एक मुखौटा और प्रॉक्सी, TRF ने 22 अप्रैल, 2025 को भारत के पहलगाम में हुए हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। यह 2008 में मुंबई हमलों के बाद लश्कर का भारत में नागरिकों पर किया गया सबसे घातक हमला था।

TRF ने भारतीय सुरक्षा बलों पर कई हमलों की जिम्मेदारी भी ली है, जिनमें 2024 का हमला भी शामिल है। अमेरिकी सरकार का यह फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प के पहलगाम हमले के लिए न्याय का आह्वान है। यह कार्रवाई हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के प्रति ट्रम्प प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

TRF एक आतंकी संगठन है जो मुख्य रूप से जम्मू-कश्मीर में सक्रिय है। यह अक्सर ऐसे लोगों को भर्ती करता है जो आम नागरिकों जैसे दिखते हैं, लेकिन गुप्त रूप से आतंकी गतिविधियों में शामिल होते हैं। इन्हें हाइब्रिड आतंकवादी कहा जाता है। भारत सरकार ने 5 जनवरी, 2023 को ञ्जक्रस्न को आतंकी संगठन घोषित किया था।

### पीएम मोदी ने बिहारवासियों को दी बड़ी सौगात

## कहा- बनाएंगे नया बिहार, फिर एक बार एनडीए सरकार

**मोतिहारी,एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मोतिहारी में जनसभा की। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- दुनिया में जैसे पूर्वी देशों का दबदबा बढ़ रहा है वैसे ही भारत में ये दौर हमारे पूर्वी राज्यों का है। हमारा संकल्प है। आने वाले समय में जैसे पश्चिमी भारत में मुंबई है, वैसे ही पूर्व में मोतिहारी का नाम होगा। जैसे अवसर गुरुग्राम में हैं वैसे ही अवसर गयाजी में बने। पुणे की तरह पटना होगा। अपने 33 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया। साथ ही RJD-कांग्रेस पर निशाना साधा। पीएम बोले- अब बिहार में विकास करने वाली सरकार है। जब केंद्र में कांग्रेस और RJD की सरकार थी तो UPA के 10 साल में बिहार को करीब 2 लाख करोड़ के आसपास मिले थे। यानी नीतीश जी की सरकार से ये लोग बदला ले रहे थे। बिहार से बदला



ले रहे थे। 2014 में केंद्र में मुझे सेवा करने का मौका मिला। मैंने बिहार से बदला लेने वाली पुरानी राजनीति भी खत्म कर दी।

मोतिहारी ने पीएम मोदी ने घोषणा की कि आने वाले समय में पहली प्राइवेट नौकरी पर केंद्र सरकार 15 हजार रुपए देने जा रही है। एक अगस्त से ये योजना लागू होगी।

**मुंबई जैसा मोतिहारी होगा, पुणे जैसा पटना–** जैसे दुनिया में पूर्वी देश विकास की दौड़ में आग जा रहे हैं। वैसे ही भारत में ये दौर हमारे पूर्वी राज्यों का है। हमारा संकल्प है।

### बदला लेने वाली पुरानी राजनीति भी खत्म की

जब केंद्र में कांग्रेस और RJD की सरकार थी तो UPA के 10 साल में बिहार को करीब 2 लाख करोड़ के आसपास मिले थे। यानी नीतीश जी की सरकार से ये लोग बदला ले रहे थे। बिहार से बदला ले रहे थे। 2014 में केंद्र में मुझे सेवा करने का मौका मिला। मैंने बिहार से बदला लेने वाली पुरानी राजनीति भी खत्म कर दी।

### नॉर्वे की जितनी आबादी बिहार में उतने घर दिए

गरीबों के लिए 4 करोड़ से ज्यादा घर बनाए गए इनमें से करीब 7 लाख घर अकेले बिहार में गरीबों के लिए बनाए गए हैं। दुनिया में कुछ देशों की जितनी आबादी है, बिहार में उतने गरीबों को हमने पक्के घर दिए हैं। अकेले मोतिहारी जिले में हमने 3 लाख के करीब गरीब परिवारों को घर दिए हैं। ये गिनती लगातार बढ़ रही है। नीतीश को पीएम ने बताया मित्र– मेरे मित्र नीतीश जी की सरकार ने वृद्ध, विधवा और दिव्यांगों की पेंशन बढ़ाई। उन्होंने इसे 400 से बढ़ाकर 1100 कर दिया है। बिहार में 20 लाख से ज्यादा लखपति दीदी बन चुकी हैं।

**हमारा संकल्प है समृद्ध बिहार हर युवा को रोजगार–** नीतीश सरकार लगातार युवाओं के लिए काम कर रही है। 10 लाख लोगों को नौकरी दी गई है। 10 लाख को रोजगार दिया जा रहा है। नीतीश जी की सरकार का युवाओं पर फोकस है।

**लालू पर निशाना साधा–** ये लोग रोजगार के नाम पर आपकी जमीनें लिखवा लिया करते थे। अब ऐसा नहीं है सरकार युवाओं को रोजगार दे रही है। NDA की सरकार के साथ मिलकर बिहार ने ये सफर तय किया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने निमिषा प्रिया मामले पर सुनवाई टाली, सरकार बोली- हरसंभव मदद कर रहे

**नई दिल्ली,एजेंसी।** यमन में फांसी की सजा पाई भारतीय नर्स निमिषा प्रिया मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई 14 अगस्त तक टाल दी है। शुक्रवार को इस मामले पर हुई सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा कि वे निमिषा प्रिया मामले में हरसंभव मदद कर रहे हैं। यमन में एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में निमिषा को मौत की सजा सुनाई गई है। निमिषा को 16 जुलाई को मौत की सजा मिलनी थी। हालांकि सरकार के प्रयासों और केरल के एक मुस्लिम धर्मगुरु की मदद से निमिषा प्रिया की फांसी की सजा फिलहाल टाल दी गई है।

**केंद्र सरकार ने कहा- वे हरसंभव मदद कर रहे** –सुप्रीम कोर्ट को शुक्रवार को सूचित किया





गया कि यमन में हत्या के आरोप में मौत की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की फांसी पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमण ने जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ को बताया कि इस मामले में नर्स को बचाने की कोशिश जारी है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि प्रिया सुरक्षित वापस आ जाए। पीठ ने भी इसे स्वीकार किया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि निमिषा को पहले मृतक महदी के परिजनों से क्षमादान प्राप्त करना होगा और फिर उसके बाद ब्लड मनी का मुद्दा आएगा। याचिकाकर्ता ने अदालत को सूचित किया कि फांसी स्थगित कर दी गई है। इसके बाद पीठ ने मामले की सुनवाई 14 अगस्त तक के लिए टाल दी।

**याचिका में निमिषा को बचाने की अपील** :याचिका में केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि सरकार हरसंभव राजनयिक माध्यमों से 38 वर्षीय भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को बचाए। साथ ही सरकार से मांग की गई है कि एक समिति गठित की जाए, जो निमिषा प्रिया को बचाने के लिए यमन की सरकार से बात करे। केरल के पलक्कड़ ज़िले की निवासी निमिषा प्रिया को 2017 में अपने यमन के निवासी बिजनेस पार्टनर की हत्या का दोषी ठहराया गया था।

## तलाकशुदा पत्नी की हत्या मामले में पति समेत तीन आरोपी हाईकोर्ट से बरी, निचली अदालत ने सुनाई थी सजा-ए-मौत

**कोलकाता,एजेंसी।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने एक बड़ी टिप्पणी करते हुए 2014 में अपनी पत्नी की हत्या के आरोप में मौत की सजा पाए एक व्यक्ति और दो अन्य को बरी कर दिया है। न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर राशिदी की खंडपीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है। कोर्ट ने तीनों को तुरंत रिहा करने का आदेश दिया।

यह मामला सुरोजित देब, उसकी दोस्त लिपिका पोद्दार और संजय बिस्वास के खिलाफ था। इन पर आरोप था कि सुरोजित ने अपनी पत्नी जयंती देब की हत्या



की, लिपिका ने मदद की और संजय ने शव के टुकड़े ठिकाने लगाने में सहयोग किया। लेकिन कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष कोई ठोस सबूत पेश नहीं कर सका जिससे यह साबित हो सके कि हत्या तीनों ने ही की थी।

**शव के टुकड़े स्टेशन से बरामद हुए थे** :20 मई 2014 को कोलकाता के सियालदह रेलवे स्टेशन की पार्किंग में एक बिस्तर में शव के कटे हुए टुकड़े मिले थे। बाद में डीएनए परीक्षण और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुष्टि हुई कि यह शव जयंती देब का था। उस समय पुलिस ने सुरोजित और उसकी महिला मित्र लिपिका पर हत्या का शक जताया था और उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

**दोष सिद्ध न होने पर तीनों को किया गया बरी** :कोर्ट में बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि अभियुक्त उस जगह पर मौजूद ही नहीं थे, जहां से शव के टुकड़े मिले थे। उन्होंने कहा कि अभियोजन पक्ष यह भी साबित नहीं कर पाया कि शव पार्किंग में किसने छोड़ा था।

## नौसेना में शामिल हुआ पहला स्वदेशी डीएसवी आईएनएस निस्तार

### कुछ ही देशों के पास है ये खास ताकत

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय नौसेना की ताकत अब और बढ़ गई है। दरअसल आज नौसेना के बेड़े में देश का पहला स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट वेसल (डीएसवी) आईएनएस निस्तार शामिल हो गया है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की मौजूदगी में विशाखापत्तनम स्थित नेवल डॉकयार्ड में आईएनएस निस्तार को नौसैनिक बेड़े में शामिल किया गया। आईएनएस निस्तार को देश में ही डिजाइन और इसका निर्माण किया गया है। हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने 8 जुलाई 2025 को ही भारतीय नौसेना को सौंपा दिया था। इस युद्धक जहाज का निर्माण भारतीय शिपिंग रजिस्टर के नियमों के तहत किया गया है।

**हथियार आयातक से निर्यातक बन रहा भारत**–केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि भारतीय नौसेना का इतिहास गौरवशाली है और आईएनएस निस्तार भारत की ताकत को और बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि भारत आज सैन्य मामले में आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है और अब आयातक से निर्यातक बन रहा है। भारत ने 23,622 करोड़ रुपये हथियार निर्यात किए हैं और अब लक्ष्य 50 हजार करोड़ रुपये के हथियार निर्यात करने का है। इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कहा कि नए



आईएनएस निस्तार से नौसेना की डाइविंग क्षमता और गहरे पानी में भी काम करने की क्षमता बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि पुराने जहाज कभी नहीं मरते, वे सिर्फ नए रूप में हमारे पास वापस आते हैं।

**रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में अहम कदम**–रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में यह अहम कदम है। सरकार के आधिकारिक बयान के अनुसार, कुल 120 एमएसएमई कंपनियों ने मिलकर इस युद्धक जहाज को बनाने का काम किया। आईएनएस निस्तार के 80 फीसदी उपकरण स्वदेशी हैं। यह युद्धक जहाज आधुनिक तकनीक से लैस है और इसकी मदद से समुद्र में गहरे तक उतरा जा सकता है। इस डाइविंग सपोर्ट वेसल की मदद से राहत और बचाव कार्य चलाने, मरम्मत के काम आदि में काफी मदद मिलेगी। दुनिया के चुनिंदा देशों के पास ही अभी आईएनएस निस्तार जैसी ताकत है।

**नौसेना की बढ़ेगी ताकत** :निस्तार नाम संस्कृत भाषा से लिया गया है, जिसका मतलब होता है आजादी या बचाव। आईएनएस निस्तार की खासियत की बात करें तो यह 118 मीटर लंबा और 10 हजार टन वजनी जहाज है, जो समुद्र में गहराई तक जाने में मदद करने वाले उपकरणों से लैस है। इसकी मदद से 300 मीटर तक समुद्र की गहराई में जाया जा सकता है। यह जहाज डीएसआरवी के लिए मदर शिप का काम करता है। अगर किसी पनडुब्बी में कोई आपात स्थिति आती है तो मरम्मत कार्य या बचाव कार्य के लिए जवानों को एक हजार मीटर की गहराई तक उतारा जा सकता है। भारतीय नौसेना को पहली बार साल 1969 में सोवियत संघ से पहला डाइविंग सपोर्ट वेसल मिला था। करीब दो दशकों की सेवा के बाद उसे रिटायर किया गया था। अब आईएनएस निस्तार स्वदेशी और भारत में ही डिजाइन किया गया है।

# परिछावन में जा रही महिलाओं साथ रास्ता को लेकर दो समुदाय के बीच मारपीट

**दैनिक खोज खबर/ अमनौर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अपहर गांव से गुरुवार की देर शाम परिछावन में जा रही महिलाओं साथ रास्ता को लेकर दो समुदाय के बीच मारपीट की सूचना पर सारण एसपी व जिलाधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच मामले पर काबू पाया. वहीं इस मामले में एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बताया गया है कि अपहर गाव से बरात निकल रही थी जिसके लिए परिछावन में महिलाएं शामिल थी. उसी रास्ते से साइड को लेकर बात विवाद बढ़ गयी और देखते देखते मारपीट भी शुरू हो गई. जिसमें दो लोग घायल हो गये. दो समुदाय के बीच मारपीट की सूचना जिला के वरीय पदाधिकारियों को मिलते ही जिलाधिकारी सारण अमन समीर, वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण, पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण एवं अनुमंडल पदाधिकारी, मढ़ौरा द्वारा स्वयं घटनास्थल पर पहुंच मामले का जायजा लिया. वरीय पदाधिकारियों के पहुंचने के बाद मामाला शांत हुआ. जख्मी को इलाज हेतु स्थानीय सी0एच0सी, में भर्ती कराया गया. संबंधित कर्मियों को निष्पक्षता एवं तत्परता से जाँच करते हुए दोषियों की पहचान कर विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया. पुलिस कैम्प कर रही है वर्तमान में स्थिति सामान्य है. वहीं अमनौर थाना द्वारा घटना से जुड़ी सभी बिन्दुओं की जाँच की जा रही है.इस मामले में एक पक्ष कुरैशा खातुन ने गावं के ही छ लोगों को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद गोलू कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.




# पूर्व विधायक धर्मनाथ सिंह की आदमकद प्रतिमा का हुआ अनावरण

**दैनिक खोज खबर/ अमनौर (सारण)।** प्रखंड के एसएच-73 अमनौर-सोनहो मुख्य सड़क एचआर कालेज के पास पूर्व विधायक धर्मनाथ सिंह की आदमकद प्रतिमा का अनावरण राजद के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी ने किया. वहीं पूर्व मंत्रीअब्दुल बारी सिद्दीकी , राजद जिलाध्यक्ष सुनील राय, सारण विकास मंच के संयोजक शैलेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व प्राचार्य देवेंद्र सिंह आदि नेताओं ने पुष्प अर्पित कर नमन किया. प्राचार्य देवेंद्र सिंह ने अपने स्वागत भाषण में अतिथियों का स्वागत किया और स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया. जबकि पूर्व विधायक धर्मनाथ सिंह के पुत्र चन्देश्वर सिंह ने अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र भेट कर किया. इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी ने अपने संबोधन में पूर्व विधायक धर्मनाथ सिंह को समाजवादी और गरीबों के मसीहा बताया.उन्होंने कहा कि धर्मनाथ सिंह ने स्वतंत्रता आंदोलन और समाजिक कार्यों में अपना सम्पूर्ण योगदान दिया है. आज की युवा पीढ़ी को उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से




प्रेरणा लेना चाहिए. उन्होंने इस चौक को धर्मनाथ सिंह के नाम से लोकाचार में लाने का आह्वान किया.धर्मनाथ सिंह की विरासत आज भी जीवित है. उनका नाम युगों-युगों तक अमर रहेगा. जिलाध्यक्ष सुनील राय ने कहा धर्मनाथ सिंह ने 1942 के ऐतिहासिक आंदोलन में सक्रिय भाग लिया और विद्यार्थी जीवन को त्यागकर राजनीति में कदम रखा.उन्होंने मढ़ौरा के गोरा कांड में अपनी धरती से रक्त रंजित करते हुए धन्य किया।ये गरीब पिछड़ी जाति के मसीहा थे.वहीं

शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सिंह ने अपने जीवन में कई बार जेल यात्राएं कीं.उन्होंने 1957 में सिवान जिला के मैरवा थाना अंतर्गत भोपतपपूरा ग्राम के गरीबों और पिछड़ी जाति के लोगों के हित में आवाज उठाई और चार माह की जेल यात्रा की मालूम हो कि पूर्व विधायक धर्मनाथ सिंह 1960 में डॉ. राममनोहर लोहिया द्वारा राष्ट्व्यापी सत्याग्रह में भाग लिया और 6 माह की सजा के साथ 100 रुपये की आर्थिक दंड का सामना किया. 1967 और 1975 में बिहार विधानसभा के सदस्य के रूप में तरैया क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया. उन्होंने गरीबों और वंचितों के हित में काम किया और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष किया.इस मौके पर जिला पार्षद प्रतिनिधि पप्पू सिंह पैक्स अध्यक्ष बिजय कुमार बिद्यार्थी,मुखिया प्रतिनिधि राजीव कुमार सिंह, डिक सिंह, राहुल सिंह,ब्रिज सिंह, नीलेश सिंह, रवि सिंह, रिंटू सिंह, उप प्रमुख बिबेकानन्द राय पूर्व सरपंच अरबिंद सिंह मनोज सिंह मुखिया बिनय कुमार सोनू समेत सैकड़ो प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे.कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय ने किया.



## जमीनी विवाद को लेकर हुई हत्या के मामले में मृतक के पुत्र ने प्राथमिक की दर्ज कराई

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के मुबारकपुर सुक्सेना में जमीनी विवाद को लेकर हुई हत्या के मामले में मृतक के पुत्र ने प्राथमिक की दर्ज कराई है। मृतक श्यामबाबू राय के पुत्र सूरज राय ने दर्ज प्राथमिक की में उसी गांव के शिवाजी राय, सत्येंद्र राय, मनोज राय, सरोज प्रसाद यादव, सत्येन्द्र राय की पत्नी लाली देवी, सुनीता देवी, कृति कुमारी को आरोपित किया है। प्राथमिकी में कहा है कि उसके घर के उत्तर दिशा में करीब 200 मीटर दूरी पर एक खेत को लेकर आरोपियों से पूर्व से विवाद चल रहा था। गुरुवार को आरोपी शिवाजी राय अपने बेटों व अन्य के साथ उसे खेत को ट्रैक्टर से जुतवा रहे थे। इसी को लेकर उसके पिता श्याम बाबू राय खेत पर पहुंचे। वे बोले कि जब खेत पर विवाद चल रहा है तो आप लोग इस खेत को कैसे जुतवा रहे हो। इसी पर शिवाजी राय और उनके परिवार के सदस्यों ने एकमत होकर उसके पिता पर लात, घुसा, डंडा से हमला कर दिया। मारपीट कर उनकी हत्या कर दी । आवेदक ने या कहा है कि पहले से भी आरोपियों ने यह धमकी दे रखी थी कि अगर खेत पर जाओगे तो अंजाम भुगतना होगा। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास शुरू कर दिया है ।

## सेमरहिया से पुलिस ने छापामारी कर 700 लीटर स्पीरिट को बरामद किया

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के सेमरहिया से पुलिस ने छापामारी कर 700 लीटर स्पीरिट को बरामद किया। पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली थी की सेमराही निवासी रूपेश राय के घर पर पिकअप से स्पीरिट को उतारा जा रहा है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने पुलिस बल के साथ जब छापामारी की तो भारी मात्रा में स्पीरिट को बरामद किया। इस दौरान पुलिस ने एक महिला को मौके से गिरफ्तार किया है जबकि अन्य फरार होने में सफल हो गए। मामले में थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में स्पीरिट कारोबारी सेमरहिया निवासी उपेंद्र राय के पुत्र रूपेश राय, उपेंद्र राय की पत्नी आशा देवी, पोझी परसा निवासी मलकी राय का पुत्र संटू राय, धेनुकी निवासी सीताराम मांझी का पुत्र राजीव रंजन और रेपुरा भेल्दी निवासी रंजीत उपाध्याय का पुत्र विद्यार्थी राज निशान उर्फ राजा बाबा को आरोपित किया है। प्राथमिक में कहा है कि सभी कारोबारी पिकअप गाड़ी से सेमरहिया निवासी रूपेश राय के घर पर स्पीरिट उतार रहे थे। पुलिस बल की मौजूदगी ने पकड़ी गई महिला के घर में तलाशी लेने पर घर के भीतर से 20, 20 लीटर का कुल 35 प्लास्टिक बाल्टी बरामद किया गया।

## सढ़वारा में सिलाई सह प्रशिक्षण केंद्र का हुआ उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** पोशाक योजना के अंतर्गत सढ़वारा स्थित उड़ान संकुल संघ के कार्यालय में शुक्रवार को 38 जिविका दीदीओं को प्रशिक्षक सुशील कुमार माझी के द्वारा 15 दिवसीय सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे जीविका दीदीयां सशक्त होगी। प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन प्रखंड जीविका प्रबंधक गोपाल कुमार झा तथा उड़ान संकुल संघ अध्यक्ष अलका वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। वही जीविका प्रबंधक गोपाल कुमार झा ने बताया कि यह ग्रामीण महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक सशक्त कदम है। इस प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षण लेने के पश्चात जीविका दीदीयां आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का पोशाक तैयार करने का काम करेंगी। इसमें लौवां, रामपुर अटौली, इसुआपुर तथा डटरा पुरसौली,के जीविका दीदीओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह पहल न सिर्फ महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि गांव की नई पिढ़ी को यह सिखाएगी की प्रगति का रास्ता घर के दरवाजे से भी शुरू हो सकता है। मौके पर प्रखंड जिविका प्रबंधक गोपाल कुमार झा, उड़ान संकुल संघ अध्यक्ष अलका वर्मा, सचिव किरण देवी, उदय कुमार,अभिनाश कुमार, मंटू कुमार व अन्य मौजूद थे।

## देवघर से जलाभिषेक कर गोरखपुर जा रही कांवरियों की कार की ट्रक से टक्कर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक छपरा एस एच 90 पर मशरक के हनुमानगंज गांव में पोखरे के पास शुक्रवार की सुबह 5 बजें के लगभग कांवरियों की कार की सड़क किनारे खड़ी ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई जिसमें कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई वहीं कार में सवार दो कांवरियों को मामूली चोटे आई है। बताया गया कि कार गोरखपुर के झगहा थाना के बाबू बरही से देबघर में जलाभिषेक को गयी थी जिसमें चालक समेत 5 लोग सवार थे सभी जलाभिषेक के बाद कार में सवार होकर मशरक के रास्ते गोरखपुर वापस लौट रहे थे कि चालक को नीद की झपकी आने की वजह से सड़क किनारे खड़ी ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें कार तों बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई वहीं कार का एयरबैग खुलने से आगे बैठे दो लोग मामूली रूप से घायल हो गए। हनुमानगंज गांव निवासी भाजपा नेता बीरबल प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि चालक को नीद की झपकी आई और कार चालक कार को अनियंत्रित होकर ट्रक में टक्कर मार दिया। उन्होंने बताया कि सुबह पोखरे की तरफ टहलने के लिए निकलें लोगों ने दौड़ कर सभी को दुर्घटनाग्रस्त कार से बाहर निकाला। लोगों ने बताया कि कार चालक तेज रफ्तार में था उसी दौरान उसे नीद की झपकी आई और वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे ट्रक में टकरा गया।

# रसूलपुर थाना में गोपनीयता की खुली पोल, अनाधिकृत युवकों की दबंगई से क्षेत्र में दहशत

### चौकीदार के बेटे की हनक देखिए, पुलिस वाहन में बनाता है रील्स, सोशल मीडिया पर हो रहा तेजी से वायरल



**दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर(एकमा)।** सारण जिले के रसूलपुर थाना में इन दिनों गोपनीयता शब्द का अर्थ हीं बदल चुका है. वर्षो से दो अनाधिकृत युवक थाने के भीतर इस तरह से काम कर रहे हैं, जैसे वे वहां के स्थायी कर्मचारी हों. इससे न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा हो रहा है, बल्कि पुलिस की गोपनीयता और विश्वसनीयता भी कठघरे में आ गई है. चौकीदार के बेटे के हनक ऐसी कि पुलिस वाहन पर खुलेआम रील्स बनाता है और थाने की गोपनीयता कक्ष में संवेदनशील रिकार्ड की देखरेख से लेकर पुलिस गश्ती का वाहन चलाने से लेकर वायरलेस पर ड्यूटी भी करता है, और इन फोटो को फेसबुक पर पोस्ट कर अपना हनक दीखाता है,और गोपनीयता की भनक अपराधियों के बीच सार्वजनिक करता है, जो तस्वीरें व रील्स बनाने का बीडीओ इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल भी हो रहा है. प्राप्त जानकारी के अनुसार रसूलपुर थानान्तर्गत ग्राम रामपुर निवासी चौकीदार शिवजी साह का पुत्र मनोज कुमार साह पिछले 15 वर्षों से बिना किसी अधिकृत नियुक्ति के रसूलपुर थाना में सेवा दे रहा है. वहीं एक और चौकीदार जो अब वीआरएस ले चुके हैं, उन्होंने अपने नाती को बेटा बताकर थाने में प्रवेश दिला दिया, जो स्थानीय थाना क्षेत्र के धानाडीह का रहने वाला है. सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जब ये दोनों युवक नाबालिग थे, तभी से थाना परिसर में काम कर रहे हैं. आज भी वे गोपनीय कार्यों में शामिल हैं, रात की गश्ती में निकलते हैं, और थाने के संवेदनशील कार्यों को अंजाम दे रहे हैं. यह सब स्थानीय अफसरों की मौन स्वीकृति और संरक्षण के बिना संभव नहीं. सूत्र बताते हैं कि इन युवकों का शराब माफियाओं से सीधा संबंध है जो इनके मोबाईल की जांच करने मात्र से हीं स्पष्ट हो जाएगा. वे थाने की जानकारी बाहर बेचकर धन उगाही करते हैं और अवैध कारोबारियों से सांठगांठ कर चुके हैं. इनकी थाने में पहुंच इतनी मजबूत है कि प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों को दरकिनार कर इन्हें फील्ड और दस्तावेजी कामों की जिम्मेदारी दी जाती है.

### प्रश्न यह है — अगर कोई आपराधिक वारदात घटती है, तो जवाबदेही किसकी होगी ?

क्या पुलिस अब गैर अधिकृत युवकों के भरोसे चल रही है? क्या कानून के मंदिर कहे जाने वाले थानों में अब सिफारिश और जुगाड़ से प्रवेश मिलता है? और अगर हां, तो आम जनता की सुरक्षा किसके भरोसे? यह यक्ष प्रश्न है.स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने इस मामले की जांच और उच्चस्तरीय कार्रवाई की मांग की है. उन्होंने सवाल उठाया है कि जब थानों की गोपनीयता खुले बाजार में बिकेगी, तो अपराधियों को पकड़ने की उम्मीद भला कैसे और किससे की जाए?

## कायस्थ महापंचायत में शिरकत करेंगे सैकड़ों की तादाद में चित्रांश बंधु, कई चित्रांश संगठनों ने झोंकी ताकत

**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** कायस्थ समाज को एक नई दिशा एवं शक्ति प्रदान करने को लेकर पटना के ज्ञान भवन में रविवार को आयोजित होने वाले कायस्थ महापंचायत में शरीक होने एवं चित्रांश बंधुओं की एकजुटता को लेकर सारण जिला के चित्रांश बंधु काफी जागृत हो गए है। सैकड़ों की संख्या में विभिन्न चित्रांश संगठनों के प्रतिनिधियों के नेतृत्व में चित्रांश बंधु काफी जोश खरोश के साथ महापंचायत में भाग लेंगे।आगामी रविवार को पटना में आयोजित कायस्थ पंचायत हमारे समाज के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है। यह केवल एक बैठक नहीं, बल्कि हमारी एकता, जागरूकता और सामाजिक सहभागिता का परिचायक है।

कायस्थ परिवार छपरा-सारण के मुख्य संयोजक डॉ.अभिजीत श्रीवास्तव,अध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा उर्फ मिंटू एवं महासचिव अजय कुमार सहाय ने सभी चित्रांश बंधुओं से अपेक्षा की है कि हम सब न केवल इस आयोजन को समर्थन दें, बल्कि इसे पूर्ण उत्साह और जोश के साथ समर्थन करें। अगर हम सब मिलकर तन, मन और सहयोग से इस कार्यक्रम में भाग लें, यह सामान्य पंचायत नहीं रह जाएगी बल्कि यह एक कायस्थ महाकुंभ बन जाएगा।

इन सभी ने कहा कि हम सब अपनी उपस्थिति, सक्रिय भागीदारी और सामाजिक दायित्व के साथ इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाएँ। हमारी एकजुटता ही हमारी ताकत है। कायस्थ परिवार के मुख्य संयोजक डॉ.अभिजीत श्रीवास्तव ने बताया कि पटना जाने वालों में इस संस्था के प्रमुख पदाधिकारी अध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा उर्फ मिंटू,कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.विद्या भूषण श्रीवास्तव,महासचिव अजय कुमार सहाय,सचिव अजित सहाय, कोषाध्यक्ष राजेश वर्मा,मनीष कुमार सिन्हा आदि शामिल है।इस संस्था के युवा प्रकोष्ठ के संयोजक सौरभ श्रीवास्तव के नेतृत्व में युवाओं की अच्छी खासी संख्या में युवा चित्रांश भाग लेंगे जिनमें अंकुर श्रीवास्तव,अंकुर सिन्हा,सागर कुमार,सूर्यश श्रीवास्तव,नीरज श्रीवास्तव,अविनाश कुमार,अमन श्रीवास्तव,आकाश कुमार ,मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव,प्रदीप कुमार आदि शामिल है। इस बीच श्री चित्रगुप्त सेवा समिति के सक्रिय सदस्य भूपेश नंदन ने कहा कि समिति से जुड़े दो दर्जन से ज्यादा चित्रांश कायस्थ महापंचायत में भाग लेंगे इसके लिए समस्त आवश्यक तैयारी को अंतिम स्वरूप प्रदान कर दिया गया है।जबकि श्री चित्रगुप्त समिति के संगठन सचिव सुभाष चंद्र भास्कर ने बताया कि करीब दर्जन भर चित्रांश इस समिति के तहत पटना जायेंगे जिनमें सुनील कुमार वर्मा, रविश कुमार श्रीवास्तव ,शुभम वर्मा आदि शामिल है।इस बीच ,कई वरीय चित्रांश बंधुओं ने कहा कि कायस्थ महापंचायत चित्रांश समाज की ताकत,एकजुटता एवं जागरूकता का एकन्या संदेश देगा जो आगामी बिहार विधान सभा चुनाव में किसी भी राजनीतिक दलों के लिए सोचने पर विवश करेगा ।अब इस समाज को हाशिए पर रखने की कोई सोच भी नहीं सकता।

### सुरौंधा पंचायत के आठ वार्ड क्षेत्रों में नलजल का लाभ लोगों को नहीं मिला

## आठ वार्ड क्षेत्रों के साथ हजार लोग पी रहे प्रदूषित जल, बीमार होने का डर

दैनिक खोज ख़बर/बनियापुर( सारण) ।प्रखंड के सुरौधा पंचायत में नलजल योजना फ्लॉप है। यहां केवल चार वाड क्षेत्र में ही नलजल संचालित है। दो वार्ड क्षेत्रों में अनियमित रूप से नल का जल लोगों को मिल रहा है। जबकि आठ बार्ड क्षेत्रों में यह योजना हाथी का दांत बनकर रह गया है। इन आठ वार्ड क्षेत्रों के लगभग सात हजार लोगो को जलापूर्ति चापाकल से हो रही है। या यूं कहें कि ये प्रदूषित जल पीने को मजबूर हैं। सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में शुमार सात निश्चय योजना के तहत संचालित नल जल योजना में लाखों रुपये खर्च भी किये जा चुके हैं। जल नल योजना से पीने की शुद्ध पानी नही मिलने से लोग नराज भी हैं। वार्ड नम्बर दस के बबन राय तथा तेरश शर्मा ने बताया कि पंचायत में विकास हवा हवाई है। सरकार नलजल योजना को लेकर उफली बजा रही है। जबकि धरातल पर इस योजना का कोई लाभ आम आदमी को नहीं मिल रहा है। वार्ड क्षेत्र में इस योजना मद में सोलह लाख रुपये की स्वीकृत किया गया था। जिसमें से बारह लाख की निकासी भी की गई है। इस राशि से जल मीनार का निर्माण कर योजना का इतिश्री कर लिया गया है। यही हाल अन्य वार्ड क्षेत्रों का भी है।

## गंगा, सोन व सरयू के जलस्तर में वृद्धि से दियारा और तटीय इलाकों में बाढ़ की स्थिति हुई गंभीर

● **निचले इलाके के कइ गांव जलमग्न, स्थानीय लोगों ने कहा- अभी तक सरकारी व्यवस्था नदारद**




**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** गंगा, सोन व सरयू के जलस्तर में वृद्धि से दियारा और तटीय इलाकों में बाढ़ एक दर्जन गांवों की दो हजार आबादी प्रभावित हो गई है।उतरा खंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश मे हो रही मूसलाधार वर्षा के कारण गंगा, सरयू तथा सोन के जल स्तर में लगातार वृधि हो रही है। जिसके कारण दियारा व तटीय इलाकों में लोगों की स्थिति भयावह हो गई है। सदर प्रखण्ड के बड़हरा माहजी, चकिंया, कुतुबपुर, दयालचक, सबलपुर, सुरतपुर, रायपुर बिदगांवा तथा बलवन टोला समेत करीब 12 गांव के लगभग चर हजार आबादी प्रभावित हो गया है। इसमें 350 से अधिक लोगों ने घर खाली कर दूसरे जगह पलायन होने पर मजबूर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासनिक तैयारी कुछ भी दिखाई नही पर रहा है।अभी तक एक भी नाव उपलब्ध नहीं कराए गये हैं,औरना हीं, प्रशासन की ओर से न तो बस्ती वालों को अलर्ट किया गया न ही बस्ती खाली कराया गया। इससे खतरा और बढ़ गया है। इन गांवों के सर्पक देर रात तक आरा-छपरा पुल से टूट जाएगा। वहीं तटीय इलाके में चिरान्द के दलित बस्ती सिंगही, नेहाला टोला एवं गड़खा प्रखण्ड के पकवलिया, संठा, रामू टोला, फुलवरिया, पिपरा टोला आदि गांवों का सर्पक जिला मुख्यालय सेक भी भी टूट सकता है।

**जलस्तर से हो रहा कटाव:**नदी के बढते जलस्तर के कारण तटीय दियारा इलाके लोक कवि भिखारी ठाकुर का पैतृक गांव मे तेजी से कटाव हो रहा है।वहीं तटीय क्षेत्र केतिवारी घाट नोनीया टोला, माली टोला तथा पुरातात्विक स्थल चिरांद में खूब कटाव हो रहा है।

**जंगली जानवर भी परेशान:**नदी के बढ़ते जल स्तर के कारण निलगाय, सांप, चूंहा, गोह, सुअर पानी बहाव में बह कर आ रहें हैं। जिसके कारण लोग सशंकित हैं।दियारा व तटीय इलाकों में बाढ़ आने के बाद घर से पलायन करते लोग।

### दियारा में बाढ़ की स्थितिः

### ग्रामीणों बोले - नाव ही नहीं तो कैसे जाए?

दियारा के बाढ़ पीड़ितों के लिए सबसे बड़ी समस्या आवागमन की है। कोटवापट्टीरामपुर पंचायत के मुखिया सत्येंद्र सिंह ने बताया कि उनके पंचायत के कुतुबपुर दलित बस्ती मे बाढ का पानी फैल गया है वहीं दयालचक अति पिछ्रा बस्ती मे भी बाढ का पानी प्रवेश कर गया लिहाजा वे पलायन पर मजबूर हैं उन्होने कहा अभी तक एक भी नाव का लॉगबुक नही खुला है।पशुओं के चारे की समस्याबाढ़ के कारण चारों तरफ के खेतों में पानी भर जाने के कारण खासकर दियारा इलाका के पशुपालकों के सामने चारा कि समस्या उत्पन्न हो गई है। जिनके पशु केवल चरकर अपना पेट भर लेते थे ।उन्हें अब चारों तरफ पानी ही पानी दिखाई पड़ रहा है। गरीब तबके के पशुपालक अपना पेट भरे या अपने पशुओं के लिए चारा जुटाये। इस सबंध मे सदर अंचलाधिकारी कुमारी आंचल ने बताया कि बाढ की स्थिति पर उनकी नजर है।

## अनट्रेंड भी जा सकते हैं विदेश, फ्यूचर टेस्ट ट्रेनिंग सेंटर का हुआ उद्घाटन




**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** प्रखंड के खैरा थाना क्षेत्र के वनपूरा पोखरा के पास नफीस खान के मार्केट में फ्यूचर टेस्ट ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस सेंटर से ऑन ट्रेंड लोगों को भी वेल्डर, प्लंबर , पाइप फिटर, ड्राइवर, कारपेंटर, मेसर आदि का ट्रेनिंग कराकर के गल्फ एवं यूरोपीय देशों के लिए नौकरी पर भेजा जाएगा। सेंटर के संचालक अबरार आलम खान एवं अब्दुल्ला खान ने बताया कि पूर्ण गारंटी के साथ बच्चों को ट्रेनिंग देकर के हम लोग गल्फ एवं यूरोपीय देशों के लिए भेजते हैं। जिसमें किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी नहीं की जाती है। जॉब की पूर्ण गारंटी है और बिल्कुल जहां भी हम लोग भेजते हैं वहां जाकर के बच्चे सुरक्षित माहौल में कार्य करते हैं। किसी भी प्रकार की कोई कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ता है। उक्त अवसर पर मुन्तजिर खान, मंसूर खान, पप्पू खान, सेंटर खान, नफीस खान, अबरार आलम खान ,अब्दुल्ला खान, दानिश खान, मिंटू खान, इलताफ खान, ख़मीद खान, सैफ खान, जैद खान ,मोनू खान सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।



## पिता-पुत्र को रिमांड पर लेकर पूछताछ जारी

**सिवान।** भगवानपुर थाना क्षेत्र के मलमलिया में चार जुलाई को हुए तिहरे हत्याकांड से जुड़े मामले में दो अभियुक्त पिता-पुत्र को पुलिस ने शुक्रवार को रिमांड पर लिया। पुलिस शत्रुघ्न सिंह व पवन कुमार से दो दिन पूछताछ करेगी। डीएसपी शैलेश प्रीतम व केस के आइओ राजेश कुमार उन्हें गुप्त स्थान पर रखकर हत्याकांड मामले में गहनता से पूछताछ कर रहे हैं। इस मामले में एसपी मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि शत्रुघ्न सिंह व पवन कुमार 11 जुलाई को कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था। दोनों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने का आदेश हुआ था। दोनों से पूछताछ के लिए रिमांड के लिए अपील की गई थी। दो दिन का रिमांड मिला है। इसपर शत्रुघ्न सिंह व पवन कुमार को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। जिसे हत्याकांड की सही जानकारी मिलेगी।

## चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के सिसवन रोड से वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक चोर को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार जीबी नगर थाना क्षेत्र के भरतपुर निवासी राजन कुमार उर्फ रजत कुमार है। इस मामले में नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एक युवक चोरी की बाइक के साथ आ रहा है। सूचना पर वाहन जांच कर चोरी की बाइक के साथ राजन कुमार को गिरफ्तार किया गया। जिससे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

## युवती का अपहरण, प्राथमिकी

**सिवान।** नौतन थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती का अपहरण पड़ोसी गांव के एक युवक ने 13 जून को कर लिया। स्वजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी युवती का पता नहीं चल सका। पीड़ित स्वजन द्वारा मामले में प्राथमिकी कराई गई है। जानकारी के अनुसार स्वजनों को जानकारी हुई कि युवती को पड़ोसी गांव विशुनपुरा का एक युवक अजय कुमार राम बाइक पर बैठाकर कहीं ले जा रहा था। युवती की मां जब अपनी पुत्री के संबंध में पूछने गई तो उसके भाई धनंजय राम मारपीट करने पर उतारू हो गया। इस संबंध पीड़िता ने दोनों भाइयों के खिलाफ बुधवार को प्राथमिकी कराकर पुलिस को बताया कि मेरे पुत्र के पैर में चोट लगी थी,जिसे दवा पानी दे रही थी,उसी समय मेरी पुत्री घर से बाहर चली गई और उसके बाद घर वापस नहीं आई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### अब दस्तावेज जुटाने में लगेंगे बीएलओ

**दारौंदा (सिवान)।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में गणना फार्म जमा करने के बाद जरूरी कागजातों को जुटाने में बीएलओ लगेंगे। इस संबंध में बीडीओ सूर्य प्रताप सिंह सेंगर ने बताया कि चुनाव आयोग की ओर से इसके लिए पुन~ दस्तावेज जुटाने को लेकर अभियान चलाया जाएगा। दारौंदा विधानसभा क्षेत्र में 85 प्रतिशत मतदाता का प्रपत्र अपलोड किया जा चुका है। शेष तीन से चार दिनों में पूरा करने को बीएलओ से कहा गया है। मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के बाद दस्तावेजों को जमा कराना एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इसके बाद ही अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। अभी आयोग ने गणना फार्म के साथ दस्तावेज जमा करने का निर्देश दिया है, लेकिन जिनके पास दस्तावेज नहीं हैं, उन्हें 25 जुलाई तक गणना फार्म ही जमा करने की सलाह दी है। हालांकि उन्हें प्रारूप प्रकाशन के बाद दस्तावेज भी जमा करने होंगे।मतदाता के दस्तावेज को अपलोड करेंगे बीएलओचुनाव आयोग के निर्देश पर जमीनी स्तर पर काम कर रहे बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की ओर से प्रारूप सूची में शामिल मतदाताओं से दस्तावेज जमा लेकर उसे ईसीआई नेट पर अपलोड करेंगे। इसके लिए उन्हें हर मतदाता के हर दस्तावेज को उनके प्रारूप सूची में नाम के अनुसार अपडेट करने की कार्रवाई की जाएगी। मतदाताओं को पहले से ही चुनाव आयोग की ओर से निर्धारित 11 दस्तावेजों में से ही कोई दस्तावेज देनी होगी। इसके लिए कुछ दस्तावेज जरूरी है।

## अप मालगाड़ी से कटकर एक व्यक्ति की मौत

**सिवान।** सिवान जंक्शन-जीरादेई स्टेशन के बीच शुक्रवार को अप मालगाड़ी ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौत की सूचना पर पहुंची आरपीएफ व जीआरपी ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के इस्लामिया नगर निवासी गुलफान के रूप में हुई । मिली जानकारी के अनुसार स्टेशन अधीक्षक को सूचना मिली कि सिवान यार्ड लाइन नंबर तीन जीरादेई साइड में डाउन मालगाड़ी से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई है। उक्त सूचना पर आरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार यादव, प्लेटफार्म ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल परमेंद्र राय साथ जीआरपी के उप निरीक्षक राजेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल पर काफी भीड़ लगी हुई थी। टीम द्वारा स्थानीय लोगों शव का पहचान करवाया गया।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पांच घायल

**सिवान।** जिले में शुक्रवार को अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान बड़हरिया थाना क्षेत्र के सोहावन हाता गांव निवासी सुशील कुमार, शिवधर कुमार व मैरवा थाना क्षेत्र के बड़गांव निवासी पूनम देवी, पंकज साह व विपिन कुमार के रूप में हुई है। पहली घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरहन चवर के समीप की है, जहां पिकअप की टक्कर से बाइक सवार सुशील व शिवधर घायल हो गए। ये दोनों बाइक से शहर एक निजी अस्पताल में आ रहे थे। वहीं दूसरी घटना मैरवा थाना क्षेत्र के रेलवे ओवर ब्रिज की है। जहां दो बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। तीनों घायल एक ही बाइक पर सवार थे। ये तीनों बाइक से जीरादेई आ रहे थे।

## इंडिया महागठबंधन की बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड के असांव में शुक्रवार इंडिया महागठबंधन कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाकपा माले जिला सचिव हंसनाथ राम, प्रखंड सचिव युगल किशोर ठाकुर ने की। बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा की गई तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आरएसएस भाजपा के इशारे पर नाचने वाला चुनाव आयोग के फरमान गरीब, मजदूरों, अकलियतों, प्रवासी मजदूरों के लिए वोटर लिस्ट से नाम बेदखल की साजिस हो जाएगी। इस दौरान 19 से 20 जुलाई को पंचायत स्तर पर प्रचार प्रसार पदयात्रा 26 जुलाई के पहले अपलोड कराने की गारंटी करना है। इस मौके पर दरौली विधायक सत्यदेव राम, पूर्व जिला पार्षद शीतल, ऐपवा जिलाध्यक्ष मंजीता कौर, जिला पार्षद मंजू देवी समेत दर्जनों नेता उपस्थित थे।

# जिले में लगभग 7600 किसानों ने लिया है कनेक्शन

### 10 सिवान अनुमंडल व नौ महाराजगंज अनुमंडल में शामिल हैं फीडर

**सिवान ।** किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार बिजली से खेती कराने पर जोर दे रही है। कृषि फीडर के तहत कनेक्शन लेने पर किसानों को काफी कम खर्च आएगा और उन्हें अपनी खेती करने में आसानी होगी, इसलिए कृषि फीडर का निर्माण और उससे बिजली की सप्लाई का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के तहत खेती के लिए अलग से फीडर बनाए जा रहे हैं। वर्तमान में जिले में 47 कृषि फीडर बना है। इसमें दस सिवान अनुमंडल व नौ महाराजगंज अनुमंडल शामिल हैं। वहीं अब तक कृषि कार्य के लिए जिले में करीब सात हजार छह सौ किसानों को बिजली का कनेक्शन दिया जा चुका है। जिससे जिले के सभी 19 प्रखंडों के किसान लाभान्वित हो रहे हैं। इस योजना में जिले के सभी प्रखंडों के लगभग सभी गांवों को शामिल किया गया है। हर पावर सब स्टेशन से एक या दो फीडर निकाला गया है। उन्हीं फीडरों से गांवों में किसानों के खेतों तक बिजली पहुंचाई जा रही है। इससे किसानों को 24 घंटे बिजली मिल सकेगी। इसके लिए कृषि फीडर से 25 किलोमीटर के एरिया में पोल, तार व ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है। पहले से मौजूद सरकारी नलकूपों को अब इसी फीडर से ही जोड़ कर चालू करने की योजना है। बता दें कि कृषि फीडर से बिजली की सप्लाई लेने पर किसानों को सिंचाई पर सबसे ज्यादा लागत आने की समस्या से निजात मिलेगी।

**तेजी से चल रहा है कनेक्शन देने का काम**-किसानों को कृषि कार्य के लिए कनेक्शन देने का काम भी तेजी से किया जा रहा है। विभाग द्वारा सबसे पहले पंचायत स्तर पर कृषि कार्य के लिए कनेक्शन देने के लिए विशेष कैंप का आयोजन सिवान व महाराजगंज अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों के प्रत्येक पंचायत में किया गया है। इन कैंपों में जो भी किसान कृषि कार्य के लिए आवेदन किया, उन सभी आवेदनों को जांच के बाद किसानों को कनेक्शन देने का काम कर दिया गया है, जिससे किसानों को कनेक्शन लेने के लिए विभाग के कार्यालय का चक्कर लगाना नहीं पड़ा।

**खेतों तक पहुंचाया जा रहा तार व खंभा**-नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा किसानों के हित में गांव में बिजली कनेक्शन देने के बाद खेतों तक बिजली पहुंचाने का काम तेजी से किया जा रहा है। प्रायः अधिकतर गांव के बधार में भी बिजली का पोल गाड़ कर उस पर तार ताना जा रहा है और किसानों को कनेक्शन दिया जा रहा है, ताकि किसान चोरी-चुपके बिजली का प्रयोग नहीं कर सकें। इसके अलावा किसी फीडर के क्षेत्र में जो भी किसान निजी ट्रांसफार्मर लगाना चाह रहे हैं, उन्हें बहुत आसानी से विभाग द्वारा उपलब्ध करा दिया जा रहा है।

### कहते हैं अधिकारीः

किसानों को पटवन की समस्या से पूरी तरह निजात दिलाने के लिए जिले के हर प्रखंड में कृषि फीडर बनाया गया है। इससे जिले के लगभग सभी गांवों में खेतों तक बिजली दी जा रही है। जिले में 47 कृषि फीडर हैं।

**यशवंत कुमार-**
**कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत विभाग**

## दो पक्षों में मारपीट मामले में पांच गिरफ्तार

**सिवान।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के ओरमा गांव में 16 जुलाई की देर रात दो पक्षों में मारपीट हुई थी। इस मामले में दोनों पक्षों ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों से पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तारी में कुंदन कुमार साह, शैलेंद्र कुमार, राजू कुमार, दीपू उर्फ दीपक व विजेंद्र कुमार है। एक पक्ष से कुंदन कुमार साह ने अपने प्राथमिकी में बताया कि मैं अपने परिवार के साथ 16 जुलाई की रात दस बजे खाना खाकर सोने जा रहे थे, तभी अचानक विजेंद्र साह मेरे दरवाजे पर शोर करने लगे , वे शराब के नशे में थे। मैंने इसका विरोध किया तो अमरजीत कुमार उर्फ धनु, दीपू कुमार, विकास कुमार, देवंद कुमार, सुमंत कुमार, राजू कुमार, मुकेश कुमार, प्रकाश कुमार, राहुल कुमार सहित अन्य अचानक अपने-अपने हाथ में लाठी डंडा एवं लोहे का राड लेकर धक्का देते हुए मेरे घर में घुस गए और परिवार के सभी सदस्यों को मारपीट कर घायल कर दिया। इसमें शैलेंद्र, कुंदन साह, शांति देवी व सिकंदर साह सहित अन्य घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से विजेंद्र कुमार ने प्राथमिकी कराई है। आवेदन में बताया कि गांव की दो महिलाएं शांति व अनीता देवी मेरी शादी में अगुवा थीं। मेरी शादी 11 जून को हुई थी। शादी के बाद जब मैं घर आया तो पता चला कि लड़की शारीरिक रूप से सक्षम नहीं है। इसी बात को लेकर अगुवा शांति देवी के घर पर जाकर पूछने गया तो उनलोगों ने लड़की की छोटी बहन से शादी का प्रस्ताव दिया। मैंने जब शादी से इन्कार कर दिया तो शांति देवी के पुत्र कुंदन कुमार, शैलेंद्र कुमार, सिकंदर कुमार, गुलशन कुमार, रैनक कुमार गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो कुंदन ने अपने हाथ में लिए कुलहाड़ी से हमला कर दिया। स मामले में थानाध्यक्ष अशोक कुमार दास ने बताया कि ओरमा गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों के आवेदन पर प्राथमिकी हुई है। दोनों पक्षों से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।---जिले के 47 कृषि फीडर से किसानों को सिंचाई के लिए मिल रही निर्बाध बिजली

## कार की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

**गुठनी (सिवान)।** थाना क्षेत्र के केल्हरुआ गांव के समीप राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 227 ए (रामजानकी पथ) पर शुक्रवार की शाम कार की चपेट में आने बाइक चालक युवक की मौत हो गई जबकि बाइक सवार घायल हो गया। मृतक की पहचान खड़ौली निवासी दीना यादव के पुत्र दिनेश यादव (35) के रूप में हुई है जबकि घायल ग्यासपुर निवासी बगैदू राजभर क पुत्र चंडी राजभर (32) है। वहीं पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।बताया जाता है कि दिनेश यादव एवं चंडी राजभर दोनों मित्र एक ही बाइक पर सवार होकर मैरवा जा रहे थे, जैसे ही केल्हरुआ गांव के समीप पहुंचे सामने से आ रही कार से टक्कर लगने से दोनों बाइक से गिरकर घायल हो गए। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने डायल 112 एवं एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस एवं एंबुलेंस पहुंची तथा घायल दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने दिनेश यादव को मृत घोषित कर दिया तथा घायल चंडी राजभर कर उपचार कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही कार व चालक को अपने हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। बताया जाता है कि दिनेश को मात्र चार बेटियां हैं। इस घटना के बाद दिनेश की पत्नी सीमा देवी रोते-रोते बेहोश हो जा रही थी। आसपास की महिलाएं उसे ढाढ़स बंधा रही थी।

### वज्रपात से वृद्ध समेत तीन झुलसे, रेफर

**बड़हरिया (सिवान)।** थाना क्षेत्र के मननपुरा में गुरुवार को अपराह्न वज्रपात होने से एक वृद्ध समेत तीन लोग झुलस गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से चिकित्सक द्वारा गोधन साह के पुत्र प्रकाश कुमार (25) को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। वहीं देवनारायण सिंह के पुत्र शारदानंद सिंह (30) और यमुना सिंह के पुत्र श्रीराम सिंह (60) प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां से चिकित्सक द्वारा श्रीराम सिंह को बेहतर उपचार के लिए गोरखपुर रेफर कर दिया गया। बताया जाता कि उक्त तीनों लोग गांव की खेत में धान रोपने के लिए मशीन से पानी चला रहे थे। तभी वर्षा होने लगी। इस दौरान वज्रपात होने से तीनों लोग झुलस गए। अचानक बारिश आई और मेघ गर्जन के साथ ही बिजली के ठनका गिरा , जिससे मौके पर तीनों झुलस गए, जिसमें दो को इलाज करा कर घर भेज दिया गया। जबकि एक श्री राम सिंह गंभीर स्थिति में झुलस गए, उनको सदर अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफर कर दिया गया है। उनका गोरखपुर इलाज चल रहा है स्थिति दयनीय है।

## बीडीओ ने बीएलओ व पर्यवेक्षकों के साथ की बैठक

**पचरुखी (सिवान)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को बीडीओ वैभव शुक्ला ने बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की। इस दौरान मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण के गणना पत्रों के अपलोड करने से संबंधित जानकारी दी गई तथा उनके कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान रोस्टर के अनुसार पंचायतवार संबंधित बीएलओ सहायक बीएलओ, आवास सहायक एवं विकास मित्रों को कई सुझाव दिए तथा कहा कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर हरदिया, महुआरी, बिंदुसार, उखई एवं भटवलिया पंचायत में उर्दू अनुवादक अब्दुल मनान, कार्यपालक सहायक संदीप कुमार, सुधांशु कुमार, सुरेश भगत, विकास कुमार, पिपरा, शंभोपुर, सुरवाला एवं पपौर में लेखापाल रणधीर सिंह, कार्यपालक सहायक निश्चय सिंह, संतोष कुमार, अनुपम कुमार बैठा, सुपौली सहलौर, तरवारा एवं भरतपुरा पंचायत में पंचायत सचिव संध्या कुमारी, कार्यपालक सहायक मुकेश कुमार, सेवा राम, विद्या शंकर प्रसाद, जसौली, मखनपुर, गोपालपुर, पचरुखी एवं सरौती पंचायत में पंचायत सचिव प्रियंका कुमारी, प्रभाकर कुमार मांझी, बाबूनंद दुबे, विकास कुमार, अनुप्रिया कुमारी को प्रतिनियुक्ति की गई है।

## वृद्ध की हत्या मामले में सात के विरुद्ध प्राथमिकी

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सिंगारपट्टी गांव में 16 जुलाई की रात भूमि विवाद को लेकर एक वृद्ध की हत्या कर दी गई। इस मामले में मृतक सुरेश साह (65) के पुत्र रंजन कुमार गुप्ता ने थाना में आवेदन देकर अपने चार4 पड़ोसियों पर हत्या करने एवं तीन पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगा प्राथमिकी कराई है। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए एक हत्यारोपित मोहित साह को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। रंजन ने कुमार ने आरोप लगाया है कि करीब एक महीने से भूमि विवाद को ले पड़ोसी से तनाव चल रहा था। इस कारण पड़ोसियों द्वारा बराबर धमकाते हुए जान से मारने की धमकी दी जाती थी। इसी बीच 16 जुलाई की रात मेरे पिताजी सुरेश साह खाना खाकर प्लास्टिक के टेंट के नीचे विवादित जमीन पर सो हुए थे। 17 जुलाई की सुबह मेरी मां चाय पीने के लिए बुलाने गई तो देखी कि मेरे पिता बिस्तर पर नहीं है, बल्कि टेंट के पीछे गड्ढे में औंधे मुंह पड़े हैं। जिसे देख मेरी मां धुरपति देवी चीखने चिल्लाने लगी। मुझे पूर्ण विश्वास है कि पड़ोसी लालजी साह, सत्येंद्र साह, मुकेश साह एवं मोहित साह द्वारा हत्या एवं सुनील साह, श्यामलाल साह एवं विक्रमा साह ने साजिश के तहत मेरे पिता की हत्या करा दिए हैं।

## उपभोक्ता आयोग ने शिकायतकर्ता को किया राशि का भुगतान

**सिवान ।** जिला उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी द्वारा त्रुटि पूर्ण सेवा के मामले में सुनवाई करते हुए शिकायतकर्ता को राशि का भुगतान कराया है। इस संबंध में आयोग के अध्यक्ष जयराम प्रसाद ने बताया कि गोपालगंज के विशंभरपुर थाना क्षेत्र के फरिंदर कुमार ने एक हीरो पैशन बाइक खरीदी थी। जिसकी बीमा आईसीआईसीआई लोंबार्ड से कराई थी। 11 जुलाई 2020 को महादेवा थाना क्षेत्र के नई बस्ती से उनकी बाइक चोरी हो गई। जिसको लेकर उन्होंने थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी। वहीं अनुसंधानकर्ता ने जांचोंपरांत बाइक के चोरी होने की पुष्टि की। गाड़ी चोरी होने के समय विमित थी। ऐसे में उन्होंने बीमा कंपनी को भी चोरी की सूचना दी। साथ ही इससे संबंधित सभी आवश्यक कागजात भी कंपनी को उपलब्ध करा दी। बीमा कंपनी ने वादी के दावे के संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया। विपक्षी बीमा कंपनी की त्रुटि पूर्ण सेवा से वादी को भारी मानसिक, शारीरिक तथा आर्थिक क्षति हुई है। शिकायतकर्ता ने उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में वाद दायर किया। आयोग के अध्यक्ष जयराम प्रसाद और सदस्य मनमोहन कुमार ने इस वाद की विस्तृत सुनवाई की। वादी द्वारा दिए गए साक्ष्य के आधार पर विपक्षी को आर्थिक ,शारीरिक मानसिक संताप के लिए पांच हजार रुपये तथा मुकदमा खर्च के रूप में दो हजार रुपये का भुगतान करने का आयोग ने आदेश दिया। बीमा कंपनी ने आयोग के आदेश का अक्षरशः पालन करते हुए कुल 46 हजार 861 रुपये का चेक वादी फरिंदर कुमार के नाम से आयोग में जमा किया, जिसे अध्यक्ष एवं सदस्य ने वादी को प्रदान किया।

## नीतीश सरकार का 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने का फैसला ऐतिहासिक

**सिवान।** सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्य के सभी एक करोड़ 87 लाख में से एक करोड़ 67 लाख घरेलु उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट तक निःशुल्क बिजली प्रदान करने का जो फैसला लिया गया है, वह ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष चंद्रकेतु सिंह ने कहा कि आमजनों के जीवन में आर्थिक सहूलियत प्रदान करने वाला यह निर्णय नीतीश कुमार की जनकल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है। जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल ने कहा कि इस दूरदर्शी पहल से राज्य के लगभग 1 करोड़ 67 लाख परिवार सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। यह योजना ना केवल बिजली बिलों में राहत तक ही सीमित है, बल्कि घरेलू अर्थव्यवस्था को सशक्त और स्थिर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। जिला प्रवक्ता सुनील कुमार ने कहा कि यह फैसला करोड़ों गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के जीवन को अधिक सहज, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाएगा। कहा कि मुख्यमंत्री ने अगले तीन वर्षों में प्रत्येक घर एवं सार्वजनिक स्थल को सौर ऊर्जा संयंत्रों से सुसज्जित करने का जो संकल्प लिया है, वह बिहार को हरित, स्वच्छ एवं ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। मौके पर माडिया सेल के अध्यक्ष राजीव रंजन पटेल सहित अन्य जदयू नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रतीक हीरो में बाइक की खरीदारी पर पाएं आकर्षक उपहार

**सिवान।** शहर के गोपालगंज रोड स्थित हीरो बाइक शोरूम प्रतीक हीरो सावन महीने में बाइक की खरीदारी करने वाले ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर दे रही है। यहां स्कूटर एवं बाइक की प्रत्येक खरीदारी पर ग्राहकों को आकर्षक उपहार दिया जा रहा है। इस शोरूम में ग्राहकों के लिए न्यूनतम ब्याज दर पर बाइक फाइनेंस की सुविधा भी दी जा रही है। शोरूम के प्रबंधक अभिषेक राय ने कहा कि हमारे यहां स्पेलेंडर प्लस, पैशन प्लस, स्पेलेंडर एक्सटेक व ग्लैमर आदि बाइक के अलावा स्कूटर के सभी मॉडल स्टाइलिश डिजाइन, आकर्षक लूक के साथ कई कलर में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि प्रतीक हीरो में ग्राहक मात्र 99 रुपये के आफर में बाइक या स्कूटर की पेड़ सर्विस करा सकते हैं। प्रबंधक ने कहा कि यह आफर रक्षाबंधन तक लागू है, ग्राहक हमारे यहां से हीरो की मनपसंद बाइक एवं स्कूटर की खरीदारी कर उपहार के साथ अन्य आफर का लाभ उठा सकते हैं।

## निरंतर प्रयास से मिलती है सफलता : सांसद

**महाराजगंज (सिवान)।** शहर स्थित उमाशंकर चंमा देवी डीएवी पब्लिक स्कूल में गुरुवार की शाम सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नीट, जेई, 11 व 12 वीं में सफल छात्र- छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह का उद्घाटन सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, चैयरमेन ई. सुगेंद्र सिंह, प्राचार्य डा. विजय कुमार साहू, एसके झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में नीट में सफल छात्र साकेत सिंह, उत्कर्ष कुमार, छात्रा सौम्या मिश्रा, अदिती राज, सदब बसीर, जेई में विश्वजीत, आयुष कुमार, श्रेया झा को सांसद व चेयरमैन द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अभिभावकों को शाल देकर सम्मानित किया गया। सांसद ने कहा कि निरंतर प्रयास से सफलता निश्चित मिलती है। कभी हार नहीं माननी चाहिए। इसके पूर्व विद्यालय परिवार ने सांसद को सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाव नृत्य, भाषण, नाटक प्रस्तुत की। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे।

## करंट लगने से मंदिर के पुजारी की मौत

**आंदर (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बलिया गांव में विद्युत करंट लगने से एक पुजारी की मौत हो गई। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। मृतक की पहचान श्रीराम जानकी मंदिर के पुजारी हुसैनगंज थाना क्षेत्र के टिकरी निवासी प्रिंस गुप्ता उर्फ बाल्मीकि दास (22) के रूप में हुई है। वहीं पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि पुजारी प्रिंस गुप्ता उर्फ बाल्मीकि दास शुक्रवार की सुबह मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए मंदिर की पानी से सफाई कर रहे थे। इस दौरान विद्युत तार की चपेट में आने से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीण उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्वजनों को दी। सूचना मिलते ही स्वजन घटनास्थल पर पहुंच दहाड़ मारकर रोने लगे। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। पुजारी दो भाई व एक बहन में सबसे बड़े थे। उनकी मौत के बाद बहन पिंकी कुमारी, भाई राज कुमार, मां राजमती देवी, पिता अर्जुन गुप्ता का रो-रोकर बुरा हाल था।

## संभावित बाढ़ को लेकर बांध मरम्मती का कार्य में आई तेजी

**सिवान।** जिले में संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए प्रशासनिक तैयारियों को तेज कर दी गई है। जिले के सिसवन, रघुनाथपुर, दरौली, महाराजगंज आदि प्रखंडों में स्लूइस गेट के नजदीक मिट्टी की बोरियों को रखने के कार्य के अलावा बांध मरम्मती का कार्य किया जा रहा है। महाराजगंज के बलिया पट्टी के नजदीक गढ़देवी पुल धनपुरा के पास बांध मरम्मती व बोरियों को रखने का कार्य हो रहा है। संवेदक विजय पांडेय ने बताया कि साईंपुर, कचनार, रघुनाथपुर के बिन टोलिया, नवादा, रकौली, दरौली के तियर, करमाहा, डुमरहर, अमरपुर आदि जगहों पर मिट्टी की बोरियों को रखा जा रहा है। अभी तक 40 हजार से ज्यादा बोरियों को रखा गया है। साथ ही कई जगहों पर बांध मरम्मती का भी कार्य चल रहा है। कार्य को युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है।

## अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाना गुरु का अर्थ : आचार्य

**सिवान।** शहर के महादेवा रोड स्थित कलावती मैरेज हाल में चल रहे नौ दिवसीय शिव महापुराण के तीसरे दिन गुरुवार की शाम वृंदावन धाम से पधारे आचार्य मधुसूदन सावन महाराज ने अपने प्रवचन के दौरान गुरु महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गुरु का अर्थ होता है जो अंधकार से प्रकाश की तरफ ले जाए अर्थात अपने शिष्य को सही रास्ता दिखाए और शिष्य को भी गुरु के ऊपर अटल विश्वास हो। उन्होंने कहा कि गुरु के बिना उचित-अनुचित का ज्ञान नहीं होता और जब तक इसका ज्ञान नहीं हो तो मोक्ष भी नहीं मिलता, इसलिए अज्ञानता रूपी अंधकार को दूर करने के लिए गुरु रूपी प्रकाश का मार्गदर्शन जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज कल के गुरु एवं शिष्य दोनों व्यापारी हो चुके हैं इससे न शिष्य का और न ही गुरु का उद्धार हो सकता है। साथ ही महाराज ने आज कल की पारिवारिक संबंध पर चर्चा करते हुए बताया कि आज कल कुछ लोग माता- पिता की बातों पर कम और अपनी पत्नी की बातों पर ज्यादा भरोसा करने लगे हैं, इस कारण वृद्धाश्रम की संख्या में वृद्धि होती दिखती है। अगर यह नहीं रुका तो समाज में बहुत गलत प्रभाव पड़ेगा। इस मौके पर जितेंद्र पांडेय, विक्की शुक्ला, धीरज कुमार, बबीता देवी आदि उपस्थित थे।

## विद्युत तार में आग लगने से लोगों में दहशत

### पशु चिकित्सालय के समीप 20 दिनों से गिरा है तार

**गोरेयाकोठी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पशु चिकित्सालय के परिसर में गिरे विद्युत तार में अचानक आग लगने से दहशत का माहौल कायम हो गया। विद्युत तार में आग लगने से वहां का घास पूरी तरह से जल गया। चिकित्सक डा. अमलेश कुमार ने बताया कि करीब 20 दिनों पहले विद्युत का तार व पेड़ टूटकर गिर गया। पेड़ तो हटा लिया गया, लेकिन विद्युत कंपनी के अधिकारी व कर्मियों को कई बार सूचना देने के बाद भी तार नहीं हटाया गया। इससे इलाज कराने आए पशुपालकों व चल रहे वैक्सीनेशन कार्यक्रम में लगे कर्मियों में भी दहशत की स्थिति रहती है। अगर तार नहीं हटाया गया, तो कभी भी यह एक बड़े हादसे का गवाह बन सकता है।